तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025


12 समाधान शिविर में ग्रामीण आजीविका को मिल रहा...



13 डीपीओ एसी रूम से बाहर निकल कर करें दौरा ...





# सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में मारे गए 20 नक्सलियों की हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

नक्सलियों के खिलाफ फोर्स द्वारा चलाए जा रहे संकल्प अभियान और सबसे बड़े एण्टी नक्सल ऑपरेशन के दौरान अब तक लाखों रूपए के ईनामी 26 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है। मारे गए 20 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें 11 के शव परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका है शेष शवों को सौंपने परिजनों का इंतजार किया जा रहा है।

गौरतलब है कि करेंगुट्टा संकल्प अभियान में अब तक 26 शव बरामद किया जा चुका है। पिछले कई दिनों से छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों के पास नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है और हमें बड़ी सफलता मिली है। अब तक 26 नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। अभियान के तहत 24 अप्रेल को 3, 5 मई को 1 तथा 7 मई को 22 नक्सलियों के शव व भारी मात्रा में हथियार बरामद किया जा चुका है। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन लगातार जारी है।

छग और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंर्गुट्टा पहाड़ पर सुरक्षाबलों के जवानों द्वारा ऑपरेशन संकल्प अभियान के तहत नक्सलियों को करारा जवाब दे रहे थे। नक्सलियों की घेराबंदी के बाद अब तक की सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में जवानों ने 26 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। जवानों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 11 शव परिजनों के सुपुर्द किया गया, शेष के परिजनों का हो रहा इंतजार



### मुठभेड़ में मारे गए माओवादी 1 करोड़ से अधिक के ईनामी

मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की शिनाख्त हो चुकी है जिन पर 1 करोड़ से अधिक का ईनाम घोषित था। इस मुठभेड़ को हाल के वर्षों की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है जिसमें दर्जनों नक्सली मारे गए और बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने करेर्गुट्टा इलाके में एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान के तहत तलाशी अभियान चलाया। करीब 20 दिन तक चले इस ऑपरेशन में अब तक कुल 26 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की जा चुकी है। जिनके नामों व ईनाम की राशि का खुलासा 14 अप्रैल को बीजापुर में प्रेसवार्ता कर दी जाएगी।



## खबर संक्षेप



### राम मंदिर में हनुमान चालीसा का किया पाठ

**जगदलपुर।** समुंद चौक स्थित श्री राम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ शनिवार को किया गया तत्पश्चात भजन एवं आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अंजली मिश्रा, बुला चक्रवर्ती, कल्पना त्रिवेदी, कीर्ति दुबे, शैल अवस्थी, नीलिमा पाठक, पूनम त्रिपाठी, नेहा तिवारी, किरण साठे, सुकमती साह, चंद्रलेखा बाजपाई, चंदना शर्मा, राजदुलारी, किरण साह,सुकमती साह, आद्या अवस्थी, पायल शुक्ला, दीया यादव, प्यारी बिटिया रानी अवनी तिवारी, नीलम मश्रिा, दव्यिांशु त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। प्रसाद की व्यवस्था कल्पना त्रिवेदी, किरण साठे, सुकमती साह के द्वारा की गई।

### चचालपुर में ग्रामीण के घर से 15 पट्टा साल जब्त



**जगदलपुर।** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चचालगुर में रमेश के घर छापा मारकर 15 नग साल लकड़ी जप्त किया। इस कार्रवाई में निर्मल देवांगन, अनिल देवांगन, दामोदर सेठिया, शंभु मौर्य सुखलाल, रंजिता, सरस्वती एवं सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

### नेशनल परीक्षा आज से 16 तक

**जगदलपुर।** सी.यू.ई.टी यू.जी. परीक्षा 13 से 16 तक होगी। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रलय के तहत एक स्वायत संस्थान संगठन द्वारा होने वाली परीक्षा को केन्द्र शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा नंबर 3 में होगा। अपर कलेक्टर जिला बस्तर ने यह जानकारी देते कहा कि यह परीक्षा 13,14,15 और 16 मई को होगी ।

### नगर पंचायत बस्तर में शिविर आज से

**जगदलपुर।** नगर पंचायत बस्तर में समाधान शिविर 13 मई को सद्भावना भवन वार्ड 6 से शुरू होगा । 15 मई को नगर पंचायत के नये कार्यालय भवन में और 17 मई को सामुदायिक भवन वार्ड 9 में होगा। सुशासन तिहार में आयोजित हो रहे इन शिविर में पहुंचकर जनता अपनी मांग एवं अन्य समस्या के आवेदन देकर निराकरण कर सकते है। षासन के निर्देष पर अधिकांश आवेदनों पर तत्काल निणर्य लिये जा रहे है। इसलिए जरूरतमंद लोग समाधान शिविर का लाभ लेने पहुंचे।

### परीक्षा में सफलता पाने कलेक्टर ने दी आवश्यक टिप्स



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा शनिवार को सक्षम कोचिंग सुकमा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से उनकी आवश्यकता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर से परीक्षार्थियों ने पुस्तक और एटलस तथा सॉल्व्ड पेपर की मांग की जिसे स्थानीय स्तर पर तत्काल प्रदान किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संयुक्त कलेक्टर डॉ. सूरज कश्यप के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### दोरनापाल में बस्तर जागरण के बैनर तले नक्सलियों के खिलाफ निकली रैली, हुई सभा

# नक्सल पीड़ितों ने नक्सलियों के खिलाफ आवाज की बुलंद, नक्सलवाद का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के दोरनापाल में नक्सलियों के खिलाफ नक्सल पीड़ितों ने आवाज बुलंद करते हुए सोमवार को रैली निकाली। इस दौरान नक्सलवाद का पुतला दहन कर सभा का आयोजन किया गया। रैली व सभा के दौरान नक्सवाद मुर्दाबाद के नारे से दोरनापाल गूंज उठा।

- विरोध प्रदर्शन करने महाराष्ट्र की नक्सल विरोधी संगठन जनसंघर्ष समिति भी शामिल

जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के दोरनापाल में बस्तर जागरण मंच के बैनर तले नक्सलियों के खिलाफ रैली निकालकर सभा का आयोजन किया गया था इस दौरान नक्सल पीड़ितों ने नक्सलवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की। गौरतलब है कि इससे पूर्व तेलंगाना मे नक्सलियों से वार्ता की मांग को लेकर रैली निकाली गई थी। इसका विरोध करते हुए नक्सल पीड़ितों ने विरोध करते हुए कहा कि आज जब नक्सलवाद समाप्त हो रहा है गांव गांव मे विकास पहुंच रहा है तो वार्ता के लिए नक्सली एवं तेलंगाना के समाज सेवी संगठन मांग कर रहे हैं। बस्तर में जब ग्रामीणों की हत्या कर नक्सली बस्तर को तबाह कर रहे थे तब कोई आगे क्यों नही आया। इस दौरान नक्सलियों के खिलाफ आवाज बुंलद करने के लिए पड़ोसी राज्यों के नक्सल विरोधी संगठन व स्थानीय लोगों ने खुलकर अपनी बात रखी।

नक्सलिसयों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व रैली में शामिल होने महाराष्ट्र से आए जन संघर्ष समिति के संस्थापक दत्ता सिखरे ने कहा नक्सली बस्तर को सिर्फ तबाह किए आम लोगों की हत्यायें कर ग्रामीणों पर जुल्म डहाए हैं। वहीं बस्तर जागरण के संस्थापक फारूख अली ने कहा जब तक क्षेत्रीय नक्सली मर रहे थे नक्सली संघठन शांत थे। जब बड़े कैडर के बाहरी नक्सली मरने लगे तो नक्सली लगातार पर्चे जारी कर वार्ता एवं युद्ध विराम की मांग कर रहे हैं।

फारूख ने आगे कहा नक्सलियों ने अपना असली रूप दिखाते हुए बीजापुर मे कल रात एक ग्रामीण की हत्या कर दी। ऐसे में अब उनका युद्ध विराम की बात कहां गई। उन्होंने कहा कि ▶▶| शेष पेज 12 पर



### दोरनापाल चौराहे में नक्सलवाद व आंतकवाद का पुतला दहन




नक्सलियों के खिलाफ सुकमा जिले के दोरनापाल चौराहे पर नक्सलवाद एवं आतंकवाद का पुतला जलाया गया। इस दोरान नक्सलवाद मुदार्बाद के नारों से दोरनापाल गूंज उठा। बस्तर जागरण मंच ने सरकार से अपील की है के आज जब नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। जगरगुंडा दोरनापाल सड़क तेजी से बन रहा है। इसमें कई जवानों का बलिदान लगा है। इस सड़क में इसलिए मार्ग का नाम शौर्य पथ रखने विचार करने आग्रह किया गया। प्रदर्शन के दौरान दर्जनों नक्सल पीड़ित परिवार के लोग भी उपस्थित थे।

# पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर सरकारी आवास में मिले मृत

### हार्ट अटैक से मौत की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर धनुष सिंह नेताम का शव सोमवार को उनके सरकारी आवास में मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में हार्टअटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना परिजनों को दी गई जिसके बाद शव उनके सुपुर्द कर दिया गया। वे लालबाग स्थित निवास में अकेले रहते थे उनका परिवार कांकेर जिले में रहता है। जानकारी के मुताबिक ईई डीएस नेताम का शासकीय आवास कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पथरागुड़ा भंगाराम चौक के करीब है। शनिवार शाम तक वे ऑफिस में थे, काम समाप्त होने के बाद अपने आवास वापस आ गए थे। रविवार को जब परिजन और ऑफिस के कर्मचारियों ने संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने कोई कॉल रिसीव नहीं किया। सोमवार सुबह भी यही स्थिति रही जिसके बाद उनका ड्रायवर व अन्य कर्मचारी उनके ▶▶| शेष पेज 12 पर

- शनिवार ड्यूटी के बाद से सरकारी आवास में थे सम्पर्क नहीं होने पर पुलिस को दी गई थी सूचना

### शव परिजन को सौंपा

एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि शव घर के अंदर चेयर पर मिला है और प्रथम दृष्टया मामला नेचुरल डेथ का प्रतीत होता है। परिजनों द्वारा किसी प्रकार का संदेह नहीं होने पर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# 1 ईनामी सहित 6 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

1 ईनामी महिला सहित 6 माओवादियों ने सोमवार को जिले के उच्चाधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों में आमदई एलओएस सदस्य 1 लाख की ईनामी कुमारी मोताय पदाम 19 वर्ष निवासी वाकेली थाना बारसूर जिला बीजापुर, बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य उर्मिला कड़ती 21 वर्ष निवासी बांगापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर, मोहन उर्फ पोदिया ओयाम 39 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर, सुखराम कड़ती 25 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर, देवा राम कुड़ामी 34 वर्ष निवासी रेवाली थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, माना राम उर्फ फुपे मरकाम 32 वर्ष निवासी बुरगुम थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा ने समर्पण किया है। उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमांडेंट 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ नीरज यादव, कमांडेंट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ राजीव कुमार, कमांडेंट 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ अनिल कुमार प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, रामकुमार बर्मन एवं उप कमाण्डेन्ट विमल कुमार सीआरपीएफ रेंज दन्तेवाड़ा के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये।




# जनता की मांग के अनुरूप विकास होंगे : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिक निगम में लाखों के विकास कार्यों का क्षेत्रवासियों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने दी सौगात। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग भंगाराम चौक से माता मंदिर पथरागुड़ा मजबूतीकरण निमार्ण कार्य लंबाई 600 मीटर लागत 71.04 लाख रुपए का विधिवत शुभारंभ किया गया। किरण देव ने कहा कि जनता की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हो रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद महज 15 महीने में जनमानस के लिए लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास होंगे। विकास में राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने संबंधित विभाग को तय समय सीमा व गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। वहीं महापौर संजय पांडे ने भी क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुये कहा कि जनता की बहुप्रतीक्षित मांग आज विधायक के नेतृत्व ▶▶| शेष पेज 12 पर

- विधायक एवं महापौर ने लाखों के विकास कार्यों का किया शुभारंभ



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, राणा घोष, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, त्रिवेणी रंघारी, संजय विश्वकर्मा एवं पार्षद हरिश पारेख, पितामह नायक, विधाशरण तिवारी, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, आरेंद्र सिंह, मनोहर तिवारी, अतुल सिम्हा, ,यशवर्धन राव, दयावती देवांगन, रीना घोष, विक्रम यादव, शशिनाथ पाठक, तथा काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

## बारिश में छत से टपकते पानी से जल्द ही मिल जाएगी मुक्ति

# पीएम आवास का आदेश मिलने से नीलादई कमली, सुबाय और चमेली के खिले चेहरे

### स्कूली बच्चों को मिला प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के दरभा विकासखण्ड अंतर्गत नेगानार निवासी नीलादई पति महादेव को समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण स्वीकृति आदेश मिला तो वह अपने पक्के घर के सपना को पूरा करने की ठानी है। यह बात कहते उसने बताया कि अब वह हर हालत में मकान निर्माण को बारिश के पहले पूर्ण करेगी, जिससे बरसात में छत से पानी टपकने से निश्चिंत रह सके।

नेगानार में आयोजित समाधान शिविर में नीलादई के साथ ही तीन अन्य हितग्राही कमली, सुबाय एवं चमेली को भी प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण की स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। उक्त सभी हितग्राहियों ने मन की मुराद पूरी करने के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। समाधान शिविर में प्राथमिक शाला कोदाभाट मावलीपदर के कक्षा 5 वीं की छात्राएं रोमा कश्यप एवं प्रेमबत्ती नाग सहित 13 अन्य स्कूली बच्चों को सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही राजस्व, खाद्य, कृषि और श्रम विभाग के हितग्राहियों को किसान किताब किसान क्रेडिट कार्ड राशन कार्ड श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया।





### सरकार की संवदेनशील पहल

इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार की संवेदनशील पहल है। इस दौरान उक्त लाभार्थियों ने इसके लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# गांजा तस्करी के 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

बॉर्डर क्षेत्र कोंटा की ओर से गांजा तस्करी करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने स्तंभ चौक रोड बिजली ऑफिस के पास कोंटा नगर में पकड़ा है। आरोपियों के पास से 37.5 किलोग्राम गांजा 2 मोटर सायकल 5 मोबाइल सहित 4,74,800 रुपये का सामान जब्त किया गया है। ओड़िशा के मलकानगिरी से तेलंगाना तस्करी करने वाले इन 5 तस्कर एकला यंशवत उम्र 25 निवासी कालोनी कट्टेकोला, पवन कल्याण उम्र 25 निवासी भूपालपल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली तेलंगाना तथा कुंजा जीवन 24 वर्ष निवासी जगन्नाथपुरम थाना मुलकलपल्ली जिला भद्रादी कोत्तागुडेम तेलंगाना, अभिषेक उम्र 20 निवासी पेनुबल्ली थाना टू टाउन कोत्तागुडेम जिला भद्रादी कोत्तागुडेम तेलंगाना एवं करनम वीराबाबू 21 वर्ष निवासी गोल्लागुडेम थाना थ्री टाउन कोत्तागुडेम जिला भद्रादी कोत्तागुडेम तेलंगाना को एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

- मोटर सायकिल से परिवहन करते हुए पकड़ाए



## खबर संक्षेप

### केशकाल में भाजपा से प्रभावित भरीपारा के 50 लोगों ने ली सदस्यता

**धनोरा।** केशकाल विधानसभा क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों और भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर, पलोरा पंचायत के ग्राम भरीपारा के 50 नागरिकों ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सरपंच रमेश मरकाम के नेतृत्व में सभी नवसदस्य विधायक निवास पहुंचे, जहाँ क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम ने स्वयं उन्हें भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक टेकाम ने सभी सदस्यों को भाजपा परिवार में सम्मिलित होने पर बधाई देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में भी यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में निरंतर विकास की दिशा में कार्य कर रही है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले, 9 मई को भी पांच लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली थी। यह संख्या अब बढ़कर 50 हो गई है, जो यह दर्शाता है कि आम जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली से प्रभावित हो रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री आकाश मेहता, केशकाल मंडल अध्यक्ष लम्बोदर सलाम, पूर्व पार्षद नवदीप सोनी और मस्सुकोकोड़ा पंचायत के सरपंच सकलु मंडावी भी उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी जेल दाखिल



**चारामा।** नाबालिग का अपहरण करके दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार नाबालिग के परिजनों ने 7 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखायी थी, उसके उपरांत पुलिस टीम बनाकर लगातार पतासाजी की जा रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के द्वारा आरोपी की पतासाजी करने के लिए टीम का गठन किया था। टीम को जानकारी मिली कि आरोपी आंवरी के पास दिखा है। पुलिस ने तत्काल आरोपी को दबोचा और उसके बताए गए स्थल से अपहता एवं आरोपी का पता तलाश कर पीड़िता को दस्तयाब एवं आरोपी दिलीप उर्फ दीप मोरे को गिरफ़्तार कर न्यायलय में पेश किया गया, आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### बरकई में हर्षोल्लास से मनायी भगवान नरसिंह की जयंती

**कांकेर।** बरकई में कुम्हार समाज क्षेत्र क्र. 2 के द्वारा हर्षोल्लास के साथ भगवान नरसिंह कि जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मालगांव के सरपंच संगीता मरकाम, विशिष्ट अतिथि पुष्पा जैन उपसरपंच, हुकुम लाल जैन, सांता राम नेताम, डोमार सिंह नाग, मोती राम चक्रधारी, शेषराम चक्रधारी, जीवन चक्रधारी, शिवराज चक्रधारी, पवन चक्रधारी, महेन्द्र चक्रधारी, आशीराम चक्रधारी, उतम चक्रधारी, मोहन चक्रधारी, बननु चक्रधारी, विमल चक्रधारी, जितेंद्र चक्रधारी, जीवराखन चक्रधारी, वरूण चक्रधारी, समस्त ग्रामवासी एवं सगा बंधु, समस्त नव युवक कुम्हार समाज बरकई की उपस्थिति रही।

# सुशासन तिहार में 23 हितग्राहियों को मिला सब्जी बीज और जैविक खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत योजनाओं का ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ समाधान गांव में आयोजित शिविरों में मिल रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के तहत हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम चिपावण्ड में आयोजित समाधान शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी क्षेत्र विस्तार अंतर्गत 23 ग्रामीणों को सब्जी बीज वितरित किया गया।



### किसानों में हर्ष

शिविर में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सब्जी क्षेत्र विस्तार अंतर्गत चिपावण्ड क्लस्टर के ग्राम उमरगांव 'ब' के 05, ग्राम लेमड़ी के 06, ग्राम निलजी के 05, ग्राम नेवता के 02 और ग्राम चिपावण्ड के 05 किसानों को उद्यानिकी विभाग द्वारा भिण्डी, करेला और लौकी बीज के साथ जैविक खाद भी प्रदाय किया गया। सभी किसानों ने शासन द्वारा दी गई सब्जी बीज और खाद के लिए खुशी जताते हुए शासन–प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मछली पालन को बढ़ावा देने उन्नति महिला समूह और अन्य हितग्राहियों को मिला मछली जाल

# समाधान शिविर में ग्रामीण आजीविका को मिल रहा मजबूती का आधार

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है और नवीन आवेदनों पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

इसी कड़ी में आज कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम चिपावण्ड में आयोजित समाधान शिविर के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम अंतर्गत उन्नति महिला स्व–सहायता समूह को मछली पकड़ने का जाल प्रदाय किया गया। समूह की अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2011 में 14 सदस्यों के साथ समूह की शुरुआत की गई थी। सभी सदस्यों ने आजीविका के लिए मछली पालन को एक नए कार्य के रूप में अपनाया। उन्होंने ग्राम के तालाब को समूह के नाम स्वीकृत कराकर मछली पालन शुरू किया। बीते तीन वर्षों से सभी सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं और इससे एक सीजन में लगभग 45 हजार रुपये का लाभ प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मछली पालन एक ऐसा कार्य है, जिसे घर के अन्य कायोंर् और खेती के साथ आसानी से किया जा सकता है। समूह के सभी सदस्य अब इस कार्य को और विस्तार देना चाहती हैं, जिसके तहत विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आज समाधान शिविर में उक्त आवेदन के निराकरण उपरांत समूह को मछली जाल प्रदाय किया गया।



### चैतूराम ने अपने 1 एकड़ के तालाब पर मछली पालन

इसी प्रकार ग्राम चिपावण्ड निवासी चैतूराम नेताम को भी मछली जाल प्रदाय किया गया। चैतूराम द्वारा स्वयं के 01 एकड़ के तालाब पर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। मछली जाल प्राप्त होने पर सभी हितग्राहियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इससे उन्हें सहूलियत मिलेगी तथा मछली पालन कार्य को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को मिले पुरस्कार, टीम ने जताई खुशी



**कांकेर।** जिला कांकेर में स्थित तहसील पखांजूर अंतर्गत ग्राम मेटाबोदेली चारगांव में संचालित जायसवाल निको ग्रुप की मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को चालीसवें खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में 5 पुरस्कार प्राप्त हुए। रायपुर में 40 वें खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शनिवार 10 मई को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उज्जवल ताह डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी धनबाद एवं रामअवतार मीना डिप्टी डायरेक्टर जनरल आफ माइंस सेप्टी वेस्टर्न जोन नागपुर विशेष अतिथि शामिल हुए। इस समापन समारोह में जायसवाल निको ग्रुप की मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को कुल 5 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसमें बेस्ट फर्स्टएडर में प्रथम, बेस्ट कैप्टन फर्स्टएडर एवं बेस्ट फर्स्टएड टीम में द्वितीय तथा पब्लिसिटी एंड प्रोपोगंडा एवं सेप्टी मैनेजमेंट प्लान में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार जायसवाल निको ग्रुप के खदान प्रमुख टी प्रसन्ना कुमार एवं उनकी टीम ने ग्रहण किया। जायसवाल निको ग्रुप के एसके स्वेन ने इस उपलब्धि के लिए पुरी टीम को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### हाईस्कूल आमागढ़ का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत हाईस्कूल आमागढ़ का सत्र 2025 का सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष शाला से कुल 16 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें से कुल 8 बच्चे प्रथम श्रेणी से एवं 8 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शाला से छात्र अविनाश कुमार गावड़े ने 88.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान किया। पूनम ने 85.66 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही एवं सोम सिंह 84.16 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## पारिवारिक विवाद को लेकर मंझले ने बड़े भाई पर हंसिए से किया वार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



■ पीड़ित का जिला अस्पताल में जारी है इलाज

परिवारिक विवाद को लेकर सरोना में परिवारिक विवाद को लेकर मंझले भाई ने बड़े भाई के द्वारा समझाईश देने पर मारपीट करते हुए हसिया से हमला बोल दिया, जिससे बड़े भाई के पेट में गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने मंझले भाई के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुँचे सरोना के आवासपारा निवासी 30 वर्षीय चन्द्रशेखर कोर्राम पिता रामभाऊ कोर्राम ने पुलिस को बताया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं। हम लोग तीन भाई है जिसमें सबसे बड़ा भाई बिसाहू कोर्राम, मंझला भाई बिसम्बर कोर्राम और सबसे छोटा मैं हूँ। मैं 10 मई को गांव के बाजार गया था और वापिस आया, तभी मेरा मंझला भाई बिसम्बर कोर्राम शराब के नशें में रात को करीबन 8 बजे घर आकर घरेलू बात को लेकर मेरे और मां के साथ घर के बाहर आंगन में लड़ाई झगड़ा कर रहा था कि मेरी बीवी भाग गई है, उसको लेकर आओ मुझे रोज अपना खाना खुद बनाना पड़ता है। तुम लोग मेरे घर वाली को मनाकर ला नही रहे हो कहकर मेरी मां के साथ मारपीट पर उतारू हो गया। वाद विवाद और लडाई झगड़ा का आवाज सुनकर मेरा बड़ा बिसाहू कोर्राम अपने कमरे से बाहर आया और तुम लोग आपस में क्यों लडाई कर रहे हो, मंझला भाई बिसम्बर कोर्राम बड़े भाई बिसाहू कोर्राम को बोला तू कौन होता है बीच में बोलने वाला कहकर गाली देते हुए बड़े भाई विसाहू ने मझंला भाई बिसम्बर को धक्का दिया। बिसम्बर गुस्से में आकर जान से मार दूंगा कहकर घर के अंदर गया और एक धारदार लोहे का हँसिया लेकर आया और बड़े भाई बिसाहू के पेट में मार दिया, जिससे उसके पेट में चोट लगा और खून निकलने लगा। हँसिया में मारने से मेरे बड़े भाई के के पेट में चोट आया है सिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया। दुधावा चौकी में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए डायरी को नरहरपुर थाना स्थांतरित किया गया।



## तेंदूपत्ता तोड़ाई और संग्रहण कार्य में आई तेजी, ग्रामीणों में दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत क्षेत्र में होने वाला तेंदूपत्ता ग्रामीण की आय का प्रमुख साधन है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण की अच्छी कीमत सरकार द्वारा दी जाती है। इसके कार्य क्षेत्र के ग्रामीण सभी काम छोड़कर तेंदूपत्ता तोड़ाई में पूरे परिवार सहित जुड़ जाते हैं। मई महीने के तेज धूप में पत्ता संग्रहण करना कोई सरल काम नहीं है, लेकिन अच्छी आमदनी होने के कारण लोग उत्साह में तेंदूपत्ता तोड़ते है। कांकेर जिलेभर में तेंदूपत्ता को हरा सोना भी कहा जाता है। हरा सोने की तोड़ाई क्षेत्र तेजी से जारी है, किंतु इस वर्ष बीच में हो रही वर्षा तथा तेज आंधी चलने से पत्ता तोड़ाई कुछ विलंब से शुरू हुई, फिर भी सभी परिवार अपना लक्ष्य पूरा करने में लगे हुए है। जनपद सदस्य राजू विकास नायक ने बताया कि संग्रहण केंद्र लोहतर, सिलपट सिवनी, छिदगांव दमकसा बरहेली में जाकर तेंदूपत्ता संग्राहकों से मिल कर बात किया। सबने अपनी खुशी जाहिर किया और बेमौसम वर्षा से तेंदूपत्ता संग्राहक दुःखी भी है। वही बात की जाए तो तेंदूपत्ता संग्राहक खुश नजर आ रहे है। साय सरकार ने बजट 2025-26 में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए पारिश्रमिक देने के लिए 200 करोड़ चरण पादुका योजना अंतर्गत 50 करोड़ व राज मोहिनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक, सामाजिक सुरक्षा योजना के संचालन के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रति बोरा 5500 रुपए निर्धारित कर क्षेत्र वासियों की खुशी को दोगुना कर दिया है।

■ आंधी– बारिश के कारण तोड़ाई कार्य देर से हुआ शुरू

## कार चालक ने पिकअप को मारी टक्कर हादसे में दो घायल, वाहन हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में कांकेर बायपास में शराब के नशे में कार चालक ने पीकअप वाहन को ठोकर मार दिया, जिसमें पिकअप में सवार दो लोगों को चोट आई है और डीजे सेट बाक्स भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पिकअप चालक की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ और कार चालक की शिकायत पर पिकअप चालक के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया गया।

■ मामले में कार चालक व पिकअप चालक ने दर्ज कराए काउंटर केस

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे 22 वर्षीय नंद किशोर साहू पिता हृदय साहूनिवासी सिंगनपुर थाना केशकाल जिला कोण्डागांव ने पुलिस को बताया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूँ। मैं अपने 11 मई को पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 27 आर 8639 में डीजे सेटअप लेकर अपने साथियों अशोक सिरदार, दिपेंद्र निषाद , रोहन सिरदार, कन्हैया मरकाम के साथ शादी कार्यक्रम बारात में डीजे बजाने कुरूद जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कांकेर के बायपास में मनकेशरी चौक के पास पहुंचे थे कि दोपहर करीबन साढ़े 3 बजे माकड़ी तरफ से आ रही कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 के चालक ने अपने कार को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक गलत साईड में लहराते हुए चलाकर हमारे तरफ लाकर हमारे पीकअप वाहन के दाहिने पीछे हिस्से को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे साथी कन्हैया मरकाम के हाथ पैर व छाती में, रोहन सिरदार के बांये हाथ कोहनी के पास चोट लगा है। इसके अलावा पीकअप में डीजे सेटअप का बाक्स टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद मेरे साथी जिन्हे चोट लगी थी, उन्हे पुलिस पेट्रोलिग पार्टी के द्वारा अस्पताल ले जाकर ईलाज करवाया गया है। कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 के चालक शराब पिया हुआ प्रतीत हो रहा था, जिसे थाना लेकर आएं और शराब पीने के संबंध में जांच किया गया। पुलिस ने आरोपी कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 के चालक का मेरे उपस्थिति मे शराब चेक करने की मशीन से चेक करने पर 127 बीएसी रिपोर्ट आया। आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दूसरे पक्ष की ओर से 21 वर्षीय तेजनारायण साहू पिता शैलेंद्र साहू निवासी परसदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद ने पुलिस को बताया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूं। मैं 11 मई को अपने दोस्त करण साहू , महेंद्र यादव, राकेश साहू, दौलत साहू के साथ कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 में सवार होकर शादी कार्यक्रम में कांकेर आ रहे थे।

## नेगानार और मटनार में समाधान शिविर का आयोजन

# हमारी सरकार विकास कार्यों को तेजी के साथ सुनिश्चित कर रही : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखंड दरभा और लोहांडीगुड़ा के दो ग्राम पंचायतों में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। दरभा विकासखंड के नेगानार में आयोजित समाधान शिविर में 12 पंचायत को सम्मिलित किया गया। नेगानार, कामानार, कोटमसर, पेदावाड़ा, मांझीपाल, चन्द्रपाल, मावलीपदर, छोटेमावलीपदर, टोपर, मंगनार चिड़पाल और मांदरकोंटा है।

शिविर में 1995 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 1969 आवेदनों का निराकरण किया गया है, 26 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। लोहंडीगुड़ा विकासखंड के मटनार में आयोजित समाधान शिविर में मारडूम मटनार मेंदरी करकागुड़ा बदरेंगा दरहा कस्तूरपाल लिमउपदर एरवार मारी कोड़ेर मारेगा कुथर छोटे गुमियापाल पारापुर ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर हेतु 3173 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3168 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 6 लंबित हैं। शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। समाधान शिविर में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के माध्यम से आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। राज्य में हमारी सरकार ने विकास कार्यों को तेजी के साथ सुनश्चिति कर रही है। समाज के हर वर्ग को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने पर ध्यान केंद्रित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं को तत्काल निराकरण करने पर जोर देते हुए अधिकारियों को सभी का समाधान अवश्य किए जाने कहा।



### बच्चों का कराया अन्नप्राशन

विधायक ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्न प्रासन कार्यक्रम के तहत बच्चों को अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में सांसद और विधायक के द्वारा विभागीय स्टालों का अवलोकन किया गया और प्राप्त आवेदनों की निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री और प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

### हमारी सरकार की प्राथमिकता सुशासन

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता सुशासन है इसी ध्येय को सुशासन तिहार के माध्यम से सीधे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्या एवं मांगों के निराकरण हेतु सकारात्मक पहल सुनश्चिति किया जा रहा है। समाधान शिविर में 38 विभाग के अधिकारी अपनी सरकार आपकी द्वार आ रहे। जनता को जनकल्याणकारी योजना का लाभ देना है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचए सरपंच को विकास की गति देने के लिए सतत मांग करते रहना चाहिए। सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक देने के लिए तत्पर है।

## पेज 11 के शेष

### सबसे बड़े एंटी ...

द्वारा 5 हजार फीट उचीं करेर्गुट्टा की दुर्गम पहाड़ियों को चारों ओर से घेरकर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीते 21 अप्रेल को नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस अभियान के दौरान अब तक 2 सौ से अधिक आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किया जा चुका है। वहीं मुठभेड़ों के दौरान नक्सलियों के शवों के अलावा भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद भी बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि कर्रेगुट्टा मुठभेड़ में मारे गए 20 नक्सलियों की पहचान हो चुकी है। इनमें 11 शव परिजनों को सौंपे जा चुके है। सुरक्षा बलों द्वारा इस मुठभेड़ के बाद बरामद किए गए शवों में से 11 की पहचान की पुष्टि हो चुकी है। पोस्टमार्टम तथा अन्य कानूनी औपचारिकताओं के बाद इन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। शेष 9 शवों की पहचान की प्रक्रिया व शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### नक्सल पीड़ितों ...

अब समय बदल रहा है। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार नक्सलियों पर दबाव बनाया जा रहा है। सरकार ग्रामीणों तक तेजी से विकास पहुंचा रही है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सोढ़ी ने कहा आज नक्सलियों पर हमारी सरकार खत्म कर रही है और बिजली, सड़क व स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पहुंचाने का काम विष्णुदेव साय की सरकार ने किया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने आतंकवादियों को भी सबक सिखाया है और नक्सलियों का खात्मा भी जल्द होगा। बस्तर जागरण मंच के इस कार्यक्रम का समर्थन करने महाराष्ट्र कि नक्सल विरोधी संगठन जन संघर्ष समिति ने भी किया।

### पीडब्ल्यूडी के ...

घर पहुंचे जहां उनका शव चेयर पर पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा और पीएम कर शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। डीएस नेताम मूलतः कांकेर जिले के ग्राम सरोना के रहने वाले थे और पिछले लगभग 3 वर्ष से जगदलपुर में पदस्थ थे और कुछ समय से वह अकेले ही सरकारी आवास में रह रहे थे। विभागीय सूत्रों के मुताबिक वह 5 महीने बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे।

### जनता की मांग ....

में पूरी हो रही है। शहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नेतृत्व में चौमुखी विकास हो रहे हैं । नगर निगम क्षेत्र में जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा दायत्वि है।

खबर संक्षेप

## नशामुक्ति पर ग्रामीणों को किया जागरूक



**लोहंडीगुड़ा।** ग्राम पंचायत सरपंचों, कोटवारों, पटेलों एवं अन्य प्रतिनिधि और गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पुलिस थाना लोहंडीगुड़ा परिसर में थाना प्रभारी एवं प्रशासनीक अधिकारी तहसीलदार के द्वारा जनजागरुकता अभियान के तहत मीटिंग लिया गया। मीटिंग में गांव की समस्याओं पुलिस, प्रशासन एवं ग्रामीणों के आपसी तालमेल एवं कानून व्यवस्था, 3 नए कानून, जमीन शिकायतों का त्वरित निराकरण, सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर, रोड एक्सीडेंट एवं ट्रेफिक अवेयरनेस, न्यायालय से जारी नोटिस समन एवं वारंटो की तामिली , महिला संबंधित अपराध, साइबर अपराध, नशामुक्ति एवं अन्य और कई मुद्दों पर जागरूक करते हुए समझाइए दी गई।

शिविर : सुशासन तिहार का समाधान शिविर छिंदगढ़ में हुआ

# डीपीओ एसी रूम से निकल कर करें दौरा प्रत्येक आंगनबाड़ी की करें चिंताः दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुशासन तिहार के समाधान शिविर के अंतर्गत विकासखण्ड छिंदगढ़ मुख्यालय में आयोजित किया गया।

जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या अधिवक्ता दीपिका शोरी, जिला पंचायत सदस्य संजना नेगी एवं हूँगाराम मरकाम सहित पार्वती प्रधानी, कौशल्या दानडडे, जनपद सदस्य नेहा महेश्वरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अतिरिक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर वर्मा, एसडीएम प्रताप विजय खेस, तहसीलदार इरशाद खान, जनपद सीईओ गुप्ता, बीइओ कमलेश श्रीवास्तव, मण्डल संयोजक मनीराम एवं अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक व जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल छिंदगढ़, रोकेल, उरमापाल, पतिनाईकरास,



रेड्डीपाल, कांजीपानी, केरातोंग 7 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में महिला आयोग की सदस्या अधिवक्ता दीपिका शोरी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनके समस्याओं के सम्बंध में बात करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में बताया एवं युवाओं को सम्बोधित करते हुए दुर्घटना के दौरान लाइसेंस के अभाव में इंश्योरेंस की राशि के नहीं मिल पाने की कानूनी अड़चन को बताते हुए सभी से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु अपील किया

संवाद के दौरान ही दीपिका ने पीएचई के अधिकारियों से पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश देकर पेयजल व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने हेतु कहा। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। इस समाधान शिविर में पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदन निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, पेयजल की समस्या, वन अधिकार पत्र, फौती, बटवारा, नामांतरण, अहाता निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र, महतारी वंदन योजना का लाभ, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सीसी रोड, मिट्टी-मुरूम रोड, नाली, पुलिया आदि मांग शामिल है।

कार्यक्रम को संजना नेगी एवं हूंगाराम मरकाम ने भी सम्बोधित करते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु कहा एवं कार्यक्रम का संचालन अरुण सिंह परिहार एवं नशीब खान ने किया।

### दीपिका के दिखे तेवर, महिला बाल विकास विभाग को दिए कड़े निर्देश

आंगनबाड़ियों में लगातार रेडी टू ईट एवं गर्म भोजन से सम्बंधित शिकायत मिलने पर दीपिका के दिखे कड़े तेवर उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर,सीडीपीओ, डीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि पहले आपने क्या किया यह मैं नहीं पूछ रही हूं पर अब बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जाएगा सुकमा में भ्रस्टाचार करने बड़े बड़े लोग जेल की हवा खा रहे हैं आप सभी खासकर सुकमा की डीपीओ अपने एसी रूम से बाहर निकले व केंद्रों का दौरा करें और गर्म भोजन एवं रेडी टू ईट व्यवस्था को दुरुस्त करें।

# लापरवाही व अनदेखी से वाटर कूलर कबाड़ में हो रहा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



दंतेवाड़ा जिला के लौहनगरी बचेली में स्थित स्टेट बैंक शाखा में दूर-दराज से आने वाले उपभोक्ताओं के पीने के पानी की समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 14 नगरपालिका परिषद बड़े बचेली के पूर्व पार्षद भानमति साहू के द्वारा स्वयं के पार्षद निधि से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा बचेली को पूर्व में वाटर कुलर प्रदाय की गई थीं। परंतु शाखा प्रबंधन की लापरवाही व अनदेखी से वाटर कूलर कबाड़ में तब्दील हो रहीं हैं।

■ उपभोक्ताओं को प्यास बुझाने के लिए पानी खरीद कर पीना पड़ रहा

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा बचेली में शहर के साथ ही साथ, रोजाना सैकड़ों ग्रामीण उपभोक्ताओं का भी लगातार आना जाना लगा रहता हैं। जहां रोजाना इन सैकड़ों उपभोक्ताओं से लाखों की कमाई शाखा को हो रहीं हैं, लेकिन उपभोक्ता के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा पीने का पानी के लिये किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी से परेशान उपभोक्ताओं को प्यास बुझाने के लिए पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। विवश उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि बचेली शाखा में चिल्हर के लिए उपभोक्ताओं को घण्टो इंताजर के बाद खाली हाथ लौटना पड़ रहा हैं।

शाखा में बने नये नियमों का घंटो लाइन लगाने के बाद अपनी बारी आने पर नये बने नियमो का पता चलता हैं। शाखा प्रबंधन की इस घोर लापरवाही व अव्यवस्थाओं के आलम से उपभोक्ताओं में बेहद आक्रोश है।

586 गांव में डोर टू डोर सर्वे करने तैनात सर्वे दल

# ड्रॉप आउट मुक्त करने बच्चों की खोज में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आगामी शिक्षा सत्र में जिले को ड्रॉप आउट मुक्त करने जिला प्रशासन बीजापुर ने स्कूल वेंडे वर्राट पण्डुम अभियान प्रारंभ किया है । अभियान के तहत जिले के हर गांव हर घर तक सर्वे दल के माध्यम से बच्चों की पहचान की जाएगी और ठोस कार्य योजना बनाकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के लगभग 600 गांव में सर्वे के लिए दल गठन कर उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । सर्वे दल में शिक्षक, शिक्षादूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह सदस्य मिलाकर तकरीबन 2200 लोग शामिल है जिन्हें सभी ब्लाकों में प्रशिक्षण देकर सर्वे के महत्वपूर्ण बिंदुओं की



जानकारी दी गई । दिनांक 8 मई से सभी गांव में 600 सर्वे दल द्वारा घर घर संपर्क अभियान शुरू कर दिया गया जहां वे निर्धारित प्रपत्र में परिवार की पूरी जानकारी भर रहे हैं।

प्रपत्र में जो बच्चे शाला त्यागी और अप्रवेशी है उनके कारणों को सूक्ष्मता से अंकित किया जा रहा है। 20 मई तक सर्वे पूर्ण करने की समय सीमा रखी गई है । इस अवधि में सभी दल अपने निर्धारित ग्राम के प्रत्येक घर का सर्वे कर पंचायत सचिव और संकुल समन्वयकों के माध्यम से सर्वे प्रपत्र एकत्रित कर जांच करेंगे उसके बाद चारों ब्लॉक के बीआरसी कार्यालय में ऑपरेटर के माध्यम से डाटा एंट्री का कार्य किया जाएगा ।

डाटा एंट्री के पश्चात सर्वे के परिणाम की समीक्षा होगी और व्यापक रणनीति बनाकर शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को स्कूल फिर से लाने का प्रयास किया जाएगा ।

# 57 आवेदनों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सुशासन तिहार के तृतीय चरण समाधान शिविर 5 से 31 मई के अंतर्गत नगर पालिका बड़े बचेली मे रवीवार को वार्ड 5 मंगल भवन मे वार्ड क्र. 4 और 5 में प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया। इन वार्डों में 57 आवेदन प्राप्त हुआ था।

■ सुशासन तिहार का तृतीय चरण में शिविर का आयोजन

जिसमें 19 आवेदन शिकायत सम्बन्धी एवं 38 मांग आधारित थे जिनका निराकरण किया गया। जिसमें नवीन राशन कार्ड, पेंशन, आधार अपडेट, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, पानी की समस्या, स्ट्रीट लाइट आदि आवेदन थे शिविर मे राशन कार्ड, जाती प्रमाण पत्र वितरित किया गया जिसमे कार्यक्रम मे नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण शामिल रहे



कार्यक्रम मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय प्रशासन, कौशल विकास विभाग एवं अन्य विभाग अपना अपना स्टॉल लगाया एवं योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम मे अध्यक्ष नगर पालिका राजू जायसवाल उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी, पार्षद सलीम रजा उस्मानी, पार्षद धंसिंग नाग, पार्षद दीपक सरकार, पार्षद झीलकी नाग, पार्षद विजय भोगामी, पार्षद सुनील गाइन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटी एम कृष्णा राव उप अभियंता संतोष नेगी एवं पालिका कर्मचारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बनियागांव व तारापुर में की गई चना वितरण में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



राशन दुकानों में चने की अफरातफरी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र से शिकायतें प्रशासन तक पहुंचने लगी हैं। ग्राम पंचायत तारापुर और बनियागांव से चने की अफरा तफरी की शिकायत आई है।

विकासखंड बकावंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी की ज्यादा शिकायतें आ रही है। आवंटन न मिलने के कारण जनवरी, फरवरी और मार्च में सरकारी उचित मूल्य की दुकानों से उपभोक्ताओं को चने का वितरण नहीं हो पाया था। अप्रैल में पिछले तीनों माह के साथ ही अप्रैल के भी चने का आवंटन मिला, मगर कई राशन दुकानदारों ने उपभोक्ताओं को चार माह के आठ पैकेट चना न देकर आधे से भी कम मात्रा में चना दिया। टलनार पंचायत के बाद अब चने की हेराफेरी की शिकायत ग्राम पंचायत बनियागांव और तारापुर से भी सामने आई है। बनियागांव के फरसू गोयल, शेरसिंह बघेल, धनमत और अन्य उपभोक्ताओं ने आधी मात्रा में चने का वितरण किए जाने की शिकायत की है। ग्राम पंचायत टलनार के बृजलाल सेठिया ने शिकायत की है कि 288 हितग्राहियों को शक्कर दिए बगैर विक्रेता ने यह कहते हुए पैसे ले लिए कि अगले माह आने से दूंगा। ग्राम पंचायत तारापुर के उपभोक्ता शंकर, रेवती, सेलसिरा, सुरमी आदि ने भी उपभोक्ताओं को पूरा चना नहीं दिए जाने की शिकायत की है।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार चारामा क्षेत्र की एक युवती का 2019 से केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मोहलई निवासी शैलेन्द्र कुमार के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से कई बार दुष्कर्म किया। दो दिन पहले आरोपी ने युवती को धमतरी बुलाकर फिर दुष्कर्म किया। युवती द्वारा शादी के लिये बोलने पर युवक मुकर गया। युवती को धमतरी में ही छोड़कर युवक अपने घर ग्राम मोहलई चला गया। पीड़ित युवती ने सिटी कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे पकड़ने उसके गांव मोहलई रवाना हुई। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# गुड़ी बाजार धार्मिक एकता का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा

बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में आस्था और परंपरा से परिपूर्ण देवी-देवताओं का जात्रा समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। ग्राम की प्रमुख ग्राम देवियां, बावड़ी माता, महामाहि फिरंता कांकालीन माता, पीला बाई माता और लौजार माता के सान्निध्य में सोमवार को गुड़ी बाजार का आयोजन किया गया।

सोमवार को ही पीला बाई माता की गुड़ी बाजार का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामों से देवी-देवताओं को निमंत्रण भेजा गया था। सभी देवी-देवता पीला बाई माता की गुड़ी में विधिवत रूप से पहुंचे। देवी-देवताओं के आगमन पर ग्राम पुजारी अलदेव बघेल ने शंक, घंटा, बाजा और मोहरी की गूंज के साथ आरती उतारकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी देवी-देवताओं की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई और बलि, सुपारी अर्पित कर उन्हें विदाई दी गई। ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव और उल्लास के साथ इन आयोजनों में भाग लिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता और परंपरा का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर ग्राम देवी पुजारी अलदेव बघेल, माटीपुजारी मनीराम बघेल, ग्राम सरपच दिया भद्रे, समेत उपसरपंच यमुना तिवारी, यसवंत तिवारी, फूलसिंग बघेल, खोगेश्वर तिवारी, मना प्रसाद तिवारी, बुलकु बघेल, तुलसीराम ठाकुर, लालूराम बघेल, गद्दाधर ठाकुर, बलिराम ठाकुर, लबोधर ठाकुर कुदालगाव से एवं आसपास के गांव के आये देवी देवताओं के पुजारी और भारी मात्रा ग्रामीण उपस्थित थे।

## नक्सल पीड़ित परिवारों को मिला पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र



**सुकमा।** सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत छिंदगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में कांजीपानी, बकुलाघाट, रोकेल, पतिनाईकरास, उरमापाल, केरातोंग पंचायत के ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या सुश्री दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य हुंगा राम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य संजना नेगी एवं ग्राम पंचायत छिंदगढ़ सरपंच सुखमती पुजारी के माध्यम से नक्सल पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही पंचायत विभाग के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर स्थल में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत सुकमा जिले में कुल 50,723 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 34,341 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदन पत्रों का निराकरण तेजी से किया जा रहा है।

# एनएमडीसी बचेली में भू वैज्ञानिक पीएन बोस को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स के निक्षेप क्र. 5 में दोपहर 12.15 बजे पीएन बोस भूवैज्ञानिक का जन्मदिवस एवं माल्यार्पण समारोह बचेली परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति में सोमवार को संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जी घोरई, महाप्रबंधक यांत्रिकी, टी शिवा कुमार महाप्रबंधक खनन, खान प्रबंधक, श्रीधर कोडाली, महाप्रबंधक खनन, जेसी दास, महाप्रबंधक यांत्रिकी, धरमराज, विभागाध्यक्ष, निक्षेप क्र. 5, जनार्दन वर्मा, विभागाध्यक्ष, भूविज्ञान विभाग, एनएमडीसी बचेली के विभिन्न विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी, ठेका श्रमिकों इत्यादि की उपस्थिति रही।

■ पीएन बोस ने भारत की औद्योगिक यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

इस वर्ष एनएमडीसी बचेली में पीएन बोस का 170वां जन्मदिवस मनाया गया। ज्ञातव्य है कि प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक पीएन बोस (प्रमथ



नाथ बोस) की प्रतिमा का अनावरण एनएमडीसी बचेली के निक्षेप क्रमांक 5 में अधिशासी निदेशक बी. वेंकटेश्वरलु के करकमलों से विगत वर्ष संपन्न हुआ था। पीएन बोस ने सन 1899 से 1903 तक बैलाडीला क्षेत्र में कार्य किया एवं बैलाडीला आयरन ओर निक्षेपों की खोज की।

बोस के इस अन्वेषण से ही बैलाडीला क्षेत्र में लगभग 14 लौह अयस्क निक्षेपों का पता चला। इसी के फलस्वरुप एनएमडीसी ने यहां उत्खनन का कार्य आरंभ किया एवं पिछले लगभग 60 वर्षों से निरंतर लौह अयस्क का उत्खनन एनएमडीसी द्वारा किया जा रहा है। प्रमथ नाथ बोस के जन्म दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएन बोस के काम ने भारत की औद्योगिक यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर स्टील उद्योग में।

टाटा स्टील ने जमशेदपुर में पीएन बोस जियोलॉजिकल सेंटर की स्थापना करके उनके योगदान को मान्यता दी है, जो भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को समझने और खनन इतिहास का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। 1899 से 1903 तक बैलाडीला बस्तर क्षेत्र में बैलाडीला आयरन ओर निक्षेपों की खोज कर उन्होंने इस क्षेत्र के औद्योगिक स्वरूप की नींव को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने शबोस के महत्वपूर्ण योगदानों के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट किया।

# डॉक्टर और मरीजों के बीच की मजबूत कड़ी है नर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में सोमवार को इंटरनेशनल नर्स डे मनाया गया। इस दौरान नर्सेज को सम्मानित कर इलाज में उनके अतुलनीय योगदान को सराहा गया। गौरतलब है कि हमारी सेहत को सुनिश्चित करने में जितना योगदान डॉक्टर का होता है उतना ही नर्सेस का भी है।

नर्सिंग प्रोफेशन को सम्मान देने के लिए और नर्सेस के काम की सराहना करते हुए हर साल 12 मई के दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। नर्स मरीजों की देखरेख ही नहीं करतीं बल्कि डॉक्टर और मरीजों के बीच की एक मजबूत कड़ी का भी काम करती हैं।



अस्पतालों में डॉक्टर मरीजों की दवाइयों और खानपान का ध्यान रखने के लिए नर्सेस को कहते हैं और वे इस काम को पूरे प्रोफेशनलिस्म के साथ करती हैं, साथ ही मरीजों की भावनाओं का भी ध्यान रखती हैं। नर्सों के इसी योगदान की सराहना करना इस दिन का मकसद है। यह भी कोशिश की जाती है कि नई पीढ़ी को भी इस प्रोफेशन के बारे में बताया जा सके और जागरूक किया जा सके। इस दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प भी अर्पित किए गए। इस वर्ष की थीम है हमारी नर्सेस हमारा भविष्य। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉ गौतम कुमार ने कहा कि बिना नर्स के मरीजों का इलाज मुमकिन नहीं हैं। मेडिकल केयर के लिए नर्सिंग का रोल बेहद अहम हैं। आज भी देश दुनिया में एक्सपर्ट मेडिकल नर्सिंग स्टॉफ की भारी कमी हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में कैरियर के लिहाज से भी कई मौके है लेकिन मन में सेवा भावना का होना जरूरी हैं।

उन्होंने कहा कि हर साल 12 मई को ये दिन अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन नर्सेस के सम्मान और नर्सिंग प्रोफेशन को बढ़ावा देने के लिहाज से बेहद खास है। यह दिन मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सम्मान में उनकी जयंती पर सेलिब्रेट किया जाता है। इस दौरान खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉ गौतम कुमार, स्टाफ नर्स कौशल्या, खुशबू नाग व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### एक देश एक चुनाव का निर्णय राष्ट्र हित में



**जगदलपुर।** बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा चेंबर भवन में सोमवार को एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व महापौर संजय पांडे सम्मलित हुए। संगोष्ठी में सभी ने एक देश एक चुनाव पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। सभी ने एक स्वर से एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हुए अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, विद्याश्रण तिवारी, विमल बोथरा, नवरत्न, पुखराज बोथरा, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, प्रकाश झा, धनश्याम शर्मा, रंजीत पांडे एवं चेंबर के पदाधिकारी, समाज के पदाधिकारी एवं शहरवासी उपस्थित थे।

### 44 लाख से अधिक के विकास कार्यो की मिली सौगात

**बीजापुर।** भोपालपटनम ब्लॉक के भद्रकाली पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में मूलभूत समस्याओं का निराकरण करते हुए 44 लाख से अधिक के विकास कार्यो की सौगात ग्रामीणों को मिली जिससे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुशासन का सूर्योदय हो चुका है। स्वीकृत निर्माण कार्यो में 14.20 लाख के प्राथमिक शाला भद्रकाली में बनेगा। वहीं रेगुड़ा में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, कोण्डामौसम में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, मंदिर से संगम स्थल तक 11 लाख की लागत से 3मीटर स्पॉन पुलिया एवं कन्या आश्रम भद्रकाली में 4.70 लाख की लागत से 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया की प्रशासकीय स्वीकृति की घोषणा समाधान शिविर के माध्यम से की गई। शिविर के माध्यम से पंचायत, राजस्व, पशुधन, मत्स्य, खाद्य, स्वास्थ्य, आयुष, कृषि, शिक्षा, जल संसाधन, उद्यान सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त अधिकांश आवेदनों का निराकरण त्वरित किया गया। वहीं लाभान्वित हितग्राहियों में एक हितग्राही को मत्स्य विभाग द्वारा जाल वितरण किया गया। इसी तरह तीन हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, 3 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण पत्र, 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि दी गई।

## कार्रवाई : साइबर क्राइम में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# महाराष्ट्र के बाद राजस्थान से चार आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा द्वारा सायबर ठगी के मामलो को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार कर धोखाधड़ी हुई राशि को बरामद करने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर विवेचना दौरान प्रार्थी से पूछताछ कर एवं बैंक जानकारी लिया गया जो प्रार्थी के एकाउंट से लगभग 61 लाख रूपये का फ्रॉड होना पाया गया तथा तकनीकि शाखा दंतेवाड़ा के नेतृत्व में फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन एनालिसिस एवं साइबर फॉरेंसिक टूल्स उपयोग कर जानकारी के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियो से अनुमति पश्चात आरोपियो की पतासाजी हेतु निरीक्षक नरेश सलाम के नेतृत्व में टीम का गठन कर अथक प्रयास के बाद राजस्थान से चार आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया है। जिन पर आई.टी. एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार आरोपियों में बीरम राम नायक उम्र 25 वर्ष जिला जोधपुर राजस्थान, शिशुपाल उर्फ नेता उम्र 24 वर्ष जिला फलोदी राजस्थान, पेम्पाराम उम्र 25 वर्ष जिला जोधपुर राजस्थान, जितेंद्र मैरोटा उम्र 25 वर्ष जिला जयपुर, राजस्थान है।



सायबर ठगी के संबंध में आवेदक भूपेन्द्र तेलामी ग्राम हारम थाना गीदम जिला दंतेवाड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि वॉटसअप पर वर्क फार्म होम के नाम पर कम्पनी (द गुड गाईस इलेक्ट्रानिक कंपनी ) का प्रति दिन कार्य कर 1200-6000 रूपये कमाने का मेसेज आया। जिससे वह जूड गया जूडने के बाद उसके वैलट में 10000 रूपये आ गया फिर डेमो करने को कहा गया जिसमें 20 टेण्डर को ओपन करना होता है टेण्डर में इलेक्ट्रानिक समान होता है जिसमें से प्राफिट निकल कर लाभ में शामिल होता जाता है टेण्डर पूरा करने के बाद लगाया हुआ राशि और लाभ एक साथ आवेदक के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया लाभ देखकर आवेदक टेलिग्राम से जूड गया जिसमें आवेदक को फायनेन्सियल कन्सलटेंट से सम्पर्क करने को कहा गया जिसके बाद आवेदक को कई अलग-अलग खातों में पैसे डलवाकर लगभग 61 लाख रूपये की ठगी की गई। मामले में थाना गीदम में अपराध क्रं. 27/2025 धारा- 111, 318 बीएनएस, 66(डी) आई.टी.एक्ट का मामला पंजीबध्द कर गीदम पुलिस द्वारा त्वरित विधिसंगत कार्यवाही करते हुए राजस्थान के अलग-अलग जगहों से चार आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय दन्तेवाड़ा में प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक नरेश सलाम उनि रूपेश नारंग, उनि रामकुमार श्याम, प्रआर राजकुमार सिंह, आर अभिजीत वेट्टी, आर गजेन्द्र ध्रुव, आर सतोष दिवान, आर भुनेश्वर नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस कर रही जागरूक

दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा लगातार नगरवासी व ग्रामीणो से जन सम्पर्क कर मोबाईल सायबर क्राईम संबंधी बैंकिंग फ्रॉड्स, सायबर ठगी पार्ट टाईम-जॉब धोखाधड़ी, मोबाईल ओटीपी लिंक शेयर न करने इत्यादि सायबर क्राईम से बचने जानकारी दी जा रही है तथा किसी प्रकार की फ्रांड होने पर तत्काल सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल कर दर्ज कराने तथा पुलिस को सूचित करने हिदायत दी जा रही है।

फंदीगुड़ा से रेत निकाल मनमाने दाम में बेचा जा रहा

# तीन माह से रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



इंजरम ग्राम पंचायत के फंदीगुड़ा गांव के बगल से गुजरती शबरी नदी को चीर कर रेत माफिया विगत तीन चार माह से अवैध रेत उत्खनन कर नगर में बेच रहे है। इस रेत उत्खनन की जानकारी लेने हमारे संवाददाता फंदीगुड़ा शबरी तट पर पहुंचे तो वहां तकरीबन दस ट्रेक्टर रेत निकालते हुए पाए गए। वहां मौजूद ग्रामीणों ने कहा रेत कोंटा नगर पंचायत में बेचा जा रहा है। रेत लोडिंग करने वाले मजदूरों ने प्रति ट्रेक्टर तीन सौ रूपये के दर लेने की बात कहते कहा कि फंदीगुड़ा के सलवम गंगा और बोड्डु मुत्ता समेत कई टेक्टर मालिकों के द्वारा फंदीगुड़ा के इस रेत उत्खनन स्थल से खनन लम्बे समय से जारी है। रेत उत्खनन के दस्तावेज की जानकारी लेनी चाही तो कुछ भी नही होने की बात कही गई। शुरूआत से इस रेत उत्खनन किसके द्वारा चालू करने के सवाल पर मजदूरों व ट्रेक्टर चालकों ने पीएम आवास निर्माण के लिए निकालेगे की बात कही। जबकि हकीकत यह है जिला प्रशासन माइनिंग विभाग के बिना जानकारी के यहां से प्रति दिन सौ गाड़ी के आस-पास रेत निकाल कर प्रति ट्रेक्टर दो हजार के आस-पास दर पर बेचा जा रहा है । कोंटा और इंजरम में रेत के कुल 20 से अधिक भंडार हैं जो अवैध रूप से चल रहे हैं । रेत भंडारण के लिए किसी ने कोई अनुमति नहीं ले रखी हैं ।

### चार ट्रेक्टर को किया गया जब्त

खनिज अधिकारी मुकेश साहू ने बताया कि फंदीगुड़ा से चार ट्रेक्टरों को जप्त किया गया है। जिनमें तीन ट्रेक्टर खाली व एक ट्रेक्टर रेत से भरे को जप्त कर कोंटा पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जप्त ट्रेक्टर चालकों से मिली जानकारी अनुसार कुछ व्यक्ति यूनियन बना कर रेत निकालने की बात स्वीकारी है।

# ऋण देने से पहले फसल की फोटो मांगने से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- किसान क्रेडिट कार्ड लोन वितरण में हो रही देरी
- भाजपा किसान मोर्चा ने अधिकारियों पर लगाया मनमानी का आरोप

किसान क्रेडिट कार्ड लोन वितरण में देरी होने से किसान परेशान हैं। ऋण देने से पहले फसल का फोटो मांगा जा रहा है जबकि पहले कभी ऐसा नहीं होता था। हरिभूमि के नानगुर क्षेत्र के प्रवास के दौरान किसानों ने शिकायत करते कहा कि लोन वितरण का काम अप्रैल महिने से शुरू हो जाता था लेकिन मई महिना का आधा दिन बीत चुका है लेकिन किसानो को जिला सहकारी बैंक लोन नही दे रहा है। सरकार कहती है कि लोन लेकर फसल उगाओ ओर जब फसल बिक जाये तो उसके बाद ऋण राषि जमा कर दो लेकिन सरकार के आदेष का अधिकारी ही उल्लंघन कर रहे है इसके चलते किसानो को परेशानी हो रही है। भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री जितेंद्र सेठिया ने बताया कि अदरक और टमाटर का लोन स्वीकृत करने में



अधिकारी नियम कानून बताकर किसानो को परेशान कर रहे है। जब तक लोन नही मिलेगा तब तक किसान खेती में फसल की तैयारी कैसे करेगे। किसानो से कहा जा रहा है कि खेत मे फसल लगाने का फोटो पहले भेजो उसके बाद लोन मिलेगा। उन्होने इसे अधिकारीयो की मनमानी बताते कहा कि अप्रैल से 'शुरू होने वाला ऋण का वितरण जल्द किसानो को किया जाए जिससे किसान समय पर लाभ लेकर ऋण चुकता कर पायेंगे।

### नया नियम नही है, गड़बड़ी रोकने मांग रहे फोटो

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस रजा ने हरिभूमि से चर्चा मे बताया कि सरकार 0 प्रतित ब्याज में ऋण देकर किसानो को लाभ दे रही है। फसल से पहले लोन देने का प्रावधान है इसमें कोई नया नियम नही आया है। उद्यानिकी विभाग के लोग किसान केडिट कार्ड में अदरक टमाटर एवं अन्य साग सब्जी का ऋण प्रकरण बनाते है। उन्होने कहा ऋण लेकर फसल नही लगाने के कई आपत्ति आये है कुछ लोग ज्यादा ऋण के चक्कर मे लोन तो ले लेते है लेकिन फसल नही लगाते इसलिए फसल की फोटो मांगा जा रहा है उन्होने कहा मैडम अवकाष में थी देरी हुआ अब लोन वितरण का काम तेजी से 'शुरू हो जाएगा। उन्होने किसानो से अपेक्षा कि है वे ऋण लेकर फसल का फायदा ले। किसी तरह की शिकायत या आपत्ति जैसी स्थिति न होने पाये।

# प्रशासन सीमा के पचड़े में उलझा, ग्रामीणों ने जब्त कर ली चेन माउंटेन मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

- भस्कली नदी में रेत के अवैध खनन का मामला
- बनियागांव के पंचों और ग्रामीणों का बड़ा एक्शन

विकासखंड बकावंड से गुजरने वाली भस्कली नदी में रेत के अवैध खनन को लेकर जहां प्रशासन ने सीमा के पचड़े की वजह से हाथ खड़े कर दिए, वहीं ग्रामीणों और पंचों ने अब बड़ा एक्शन ले लिया है। गांव वालों ने नदी में खड़ी चेन माउंटेन मशीन को जप्त कर लिया है। चेन माउंटेन मशीन खनन माफिया की बताई जा रही है।



पड़ोसी राज्य ओड़िशा से आई भस्कली नदी बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के दर्जनों गांवों से गुजरती हुई इंद्रावती नदी में मिल जाती है। बकावंड की ग्राम पंचायत बनियागांव समेत दर्जनों गांवों की खेती किसानी और निस्तार व्यवस्था भस्कली नदी के जल से होती है। बनियागांव के पास भस्कली नदी से रेत का बेतहाशा खनन और परिवहन हो रहा है। रेत माफिया चेन माउंटेन मशीन और जेसीबी के जरिए नदी को खोदकर रेत निकाल रहे हैं। इससे नदी की धारा मुड़ गई है और बाढ़ के समय बस्तर जिले के खेतों का कटाव तेजी से होता है। कई किसानों के खेत नदी में समा चुके हैं। इसके अलावा रेत परिवहन करने वाले ट्रकों और ट्रेक्टरों के कारण गांवों की सड़कों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। इससे परेशान ग्रामीणों ने तहसीलदार और कलेक्टर कार्यालय में कई बार गुहार लगाई। चर्चा है कि बकावंड तहसीलदार के संरक्षण में रेत का यह खेल चल रहा है। शिकायत के आधार पर बकावंड एसडीएम ऋषिकेश तिवारी ने बनियागांव जाकर मुआयना किया, तो उन्हें एक भी ट्रक या ट्रेक्टर रेत का परिवहन करते नहीं मिला। अलबत्ता उन्हें भस्कली नदी के बीचो बीच एक चेन माउंटेन मशीन जरूर खड़ी नजर आई, मगर सीमा के चक्कर में उस मशीन को जप्त नहीं किया जा सका। दरअसल भस्कली नदी ओड़िशा और बस्तर जिले की सीमा रेखा से बहती है। मशीन बस्तर की सीमा में खड़ी है या ओड़िशा की सीमा में, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, लिहाजा अधिकारी खाली हाथ लौट आए। इसके बाद बनियागांव के ग्रामीणों और पंचों ने खुद ही कार्रवाई करने का फैसला कर लिया।

खनिज निरीक्षक को गांव में बुलाकर नदी में खड़ी मशीन की जप्ती बना ली गई। पंचनामा और जप्ती पत्र पर पंच तूफान सिन्हा, पंच अमर सिंह मांझी, ग्रामीण दिवाकर गोस्वामी, वेदप्रकाश सेठिया, बाबूराम भारती आदि के हस्ताक्षर हैं। साथ ही नदी भस्कली से रेती के अवैध खनन पर, जांच के नाम पर दिखावा करने पर ग्राम के पंचों ने अपने हस्ताक्षर से जारी बयान करके मौके पर जाकर पंचनामा किया है।

# नवनिर्माण से छात्रों को उच्च शिक्षा में मिलेगा बेहतर लाभ : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विधायक एवं महापौर ने स्नाकोत्तर महाविद्यालय में करोड़ों के विकास कार्यो का किया शुभारंभ

शासकीय काकतीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने करोड़ों के नर्मिाण कार्यों का शुभारंभ किया। महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम निमार्ण, डिजिटल सेंटर, रिसोर्स सेंटर, लेंगवेज लैब भवन निर्माण एवं विधुतीकरण कार्य लागत 2 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि से निमार्ण कार्य किया जायेगा। किरण देव ने कहा महाविद्यालय के हमारे युवा छात्र एवं छात्राओं के लिए काफी हर्ष का विषय है कि स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल सेंटर, रिसोर्स सेंटर लेंगवेज लैब भवन निर्माण एवं विद्युतिकरण कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है। आज के आधुनिक युग में स्मार्ट क्लास डिजिटल सेंटर व अन्य आधुनिक शिक्षा होना आवश्यक है। जिसको गंभीरता से लेते सभी कार्य का निमार्ण किया जा रहा है। जिससे बस्तर अंचल के युवा साथियों को लाभ मिलेगा। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। उच्च शिक्षा में हमारे बस्तर के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर प्लेटफार्म देने की आवश्यकता है। जिसके लिए हमारी सरकार गंभीरता से इन विषयों पर काम कर रही है। युवाओं के अच्छे अवसर मिले हमारा कर्तव्य है जिसपर हम सभी मिलकर कार्य करेंगे।



इस दौरान महापौर संजय पांडे, अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, पार्षद संतोष गौर, श्याम सुंदर, विद्याशरण तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, यशवर्धन राव, मनोहर तिवारी, प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव तथा महाविद्यालय के प्रोफेसर व छात्र उपस्थित थे।

# वृद्धाश्रम की मातृशक्तियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य जी के संगठन पीठ परिषद, आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी के तत्वावधान में मातृत्व दिवस के अवसर पर आनंदवाहिनी मातृ संगठन द्वारा शहर के वृद्धाश्रम आस्था निकुंज धरमपुरा स्थित आश्रम में निवासरत मातृशक्तियों का सम्मान कर भावपूर्ण श्रद्धा अर्पित की गई।



कार्यक्रम की शुरुआत सभी माताओं को फूल-माला पहनाकर और फल-मिठाई भेंट कर सम्मानित करते हुए की गई। तत्पश्चात सभी सदस्य मातृशक्तियों के साथ मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और भगवान श्रीराम से प्रार्थना की कि आश्रम में निवास कर रही माताओं को स्वास्थ्य और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त हो। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों से संगठन के सदस्यों ने साल श्रीफल से आनंदवाहिनी ने वृद्धाश्रम की मातृशक्तियों का सम्मान किया। विश्वास दिलाया कि समाज उनका सम्मान करता है और उनके जीवन की गरिमा को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। आयोजन में संगठन की जिलाअध्यक्ष गीता शुक्ला, आदित्य वाणी के जिला अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर, योगेश शुक्ला, शिखा घोष, सतरूपा मिश्रा, कल्पना अधिकारी, विभा सेंगर, रेखा जायसवाल, मोहिनी दहिया, ममता राणा, सुनीता कुशवाहा, ऋषिका कुशवाहा, रामप्यारी बाई सिन्हा, प्रार्थना कुशवाहा, लता नामदेव, अंजू पांडे, गुरमीत कौर, सविता वाजपेयी, अनुप्रिया वाजपेयी, मीना विश्वकर्मा सहित अन्य संगठन के सदस्यगण उपस्थित थे।

### भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलें : संजय



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वेलुवन बुद्ध विहार में सोमवार को बुद्ध जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, त्रिशरण, बुद्ध वंदना, धम्म वंदना, संघ वंदना सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे उपस्थित हुए। उन्होंने कहा भगवान बुद्ध के बताएं रास्ते पर चलें। उन्होंने पूरे विश्व को जो मार्गदर्शन दिया है करुणा का, शांति का उसी के बताएं रास्ते पर हम सभी को चलना है। इस अवसर पर नगर निगम के स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, राजपाल कसेर, शशि नाथ पाठक, वीरेन्द्र जोशी, पीडी मेश्राम, कुंदन रामकर, विजय बोरकर, डॉक्टर मनीष मेश्राम, धर्मेंद्र मेश्राम, सुचित्रा रंगारे उपस्थित रहे।

## समापन में विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष व एमआईसी सदस्य हुए शामिल

# भक्तों ने हरिनाम महामंत्र का जाप करके रात भर भक्ति में लीन रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के प्रवीर वार्ड पनारापारा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में रविवार को अखण्ड हरिनाम महामंत्र का धार्मिक आयोजन 24 घण्टे पश्चात सोमवार को सम्पन्न हुआ। रविवार सुबह 11 बजे से प्रारम्भ वैदिक पंडितों के वेद ध्वनि एवं स्वस्ति वाचन के द्वारा विधिविधान के साथ भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम की पूजा एवं अर्चना कर अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ पं. किशोर तिवारी व पं. चन्दन तिवारी के साथ आचार्य पं. रोमितराज त्रिपाठी इस अनुष्ठान को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया था। दूसरे दिन दोपहर साढ़े 12 बजे अखंड हरिनाम संकीर्तन सम्पन्न हुआ। पूरे रातभर बस्तर अंचल के विभिन्न गांव से पहुंचे आदिवासी संकीर्तन समूह नाचते-झूमते हरे कृष्ण हरे कृष्ण,कृष्ण कृष्ण हरे हरे,हरे राम हरे राम,रा रा हरे का हरिनाम संकीर्तन पूरे भक्तिभाव के साथ रमे रहे। आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव, महापौर संजय पाण्डेय पूजा अर्चना कर कीर्तन में सम्मलित हुए।



अखंड हरिनाम संकीर्तन महामंत्र सम्पन्न होने के बाद आचार्य पण्डित रोमितराज त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जजमान पण्डित मदन दूबे अग्निकुंड ने आहुति डाल हवन पूजन किया गया। महाआरती पश्चात अन्न भोग प्रसाद समस्त श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। रविवार को पूरे रातभर विभिन्न ग्राम अंचलों से पहुंचे संकीर्तन मंडल के मातृ शक्तियां व पुरुष कर्मकर्ता,युवक-युवतियां,वरिष्ठजन व बच्चे पूरे भक्ति भाव से अखंड महामंत्र का जाप करते नाचते झूमते रहे।

पुजारी पंडित किशोर तिवारी ने बताया कि पिछले 12 वर्ष से मंदिर प्रांगण में अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आदिवासी श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ 24 घण्टा अखण्ड संकीर्तन में सम्मिलित हुए। इस दौरान ग्राम केशापुर के 70 वर्षीय हरि दादा के नेतृत्व में विभिन्न गांव से पहुंचे श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव के साथ अखण्ड हरिनाम संकीर्तन महामंत्र का जाप में अपनी सहभागिता पिछले 12 वर्ष से कर रहे है। आयोजन में केशापुर, पंडरीपानी, लेन्ड्रा, कोटमसर, बड़े मुरमा, चिलकुटी, खमारगांव, नवापाडा, टोपर, बड़े बोदल व अन्य गांव के श्रद्धालु सम्मलित हुए। ग्राम अंचलों से पहुंचे समस्त मातृ शक्तियो को साड़ी व पुरुष मंडली को धोती भेंट दिया गया।

### प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना

लक्ष्मीनारायण मंदिर में नारायण सेवा समिति के द्वारा आयोजित अखण्ड हरिनाम महामंत्र संकीर्तन में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। संकीर्तन में शामिल होकर मन को अनोखी शांति और आनंद की अनुभूति हुई। चारों ओर भक्तिमय वातावरण, भक्तों की मधुर ध्वनि में श्रीहरि का नामगान और वाद्य यंत्रों की धुन पर प्रभु के भक्तों के साथ झूमते रहे।भगवान श्रीकृष्ण जी और भगवान श्री राम जी की कृपा सदैव हम सभी पर बनी रहे।